हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

तेरहवां सत्र

लिखित उत्तर हेतु स्थगित प्रश्न

बुधवार, 18 नवम्बर, 2026/27, कार्तिक, 1948 (शक्)

[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री].

कुल प्रश्न - 3

आउटसोर्स कम्पनियां

1787 **श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में कितनी आउटसोर्स कम्पनियां/ एजेंसियां हैं; इनके नाम, पता व संचालकों का ब्यौरा दें?

दैनिक वेतनभोगी एवं अंशकालिक कर्मचारी

1793 **डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जिला चम्बा में विभिन्न विभागों के कितने दैनिक वेतनभोगी एवं अंशकालिक कर्मचारी लम्बे समय से सेवाएं दे रहे हैं; विभागवार एवं सेवाकालवार ब्यौरा दें; और

(ख) क्या सरकार लम्बे समय से कार्यरत दैनिक वेतनभोगी एवं अंशकालिक कर्मचारियों

के नियमितीकरण अथवा वेतन सम्बन्धी समस्याओं के समाधान हेतु कोई समयबद्ध नीति बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें?

भूमि कटाव

1808 **श्री सुख राम चौधरी (पांवटा साहिब) :**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक पांवटा साहिब विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के खरा शड़, ग्राम पंचायत जामनीवाला, जम्बू का खाला, अम्बीवाला, डोबरी सालवाला, अमरगढ़, सूरजपुर एवं संतोषगढ़ में भूमि कटाव से प्रभावित उपजाऊ भूमि का गांववार/ वर्षवार क्षेत्रफल तथा क्षतिग्रस्त मकानों का ब्यौरा दें;

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष, 2023 एवं 2024 में जम्बू का खाला तथा दोपहरिया खड्ड, बासवाला खाला एवं कटा पत्थर खाला में हुए भूमि/मकानों के नुकसान का ब्यौरा दें;

(ग) इन क्षेत्रों में भूमि कटाव रोकने तथा किसानों की उपजाऊ भूमि एवं मकानों की सुरक्षा हेतु सरकार द्वारा किए गए कार्यों का वर्षवार स्वीकृत, जारी एवं व्यय धनराशि का गांववार/कार्यवार ब्यौरा दें; और

(घ) क्या सरकार द्वारा इन क्षेत्रों में भूमि कटाव को रोकने हेतु कोई कार्य/परियोजना लंबित या प्रस्तावित है; यदि हां, तो स्वीकृत धनराशि, वर्तमान स्थिति तथा कार्य पूर्ण करने की समय-सीमा सहित ब्यौरा दें?

शिमला: 171004. **यशपाल शर्मा,**

14 नवम्बर, 2026. **सचिव**